


नवभारत
इंदौर, सोमवार, 29 दिसंबर, 2025


## एक नजर में

### पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी का जन्म दिवस मनाया



**महिदपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिवस सुशासन सप्ताह अंतर्गत मनाया गया। कार्यक्रम में नगर के विभिन्न वार्डों एवं ग्रामीण क्षेत्र जाकर श्रद्धेय अटल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन काल पर प्रकाश डालते हुए अटल जी के प्रधानमंत्री काल में आपके द्वारा दी गई देश हित की योजना जिसमें प्रधानमंत्री बीमा योजना, फसल योजना, प्रधानमंत्री सड़क योजना ,नदी लिंक योजना, चतुर्भुज सड़क योजना आदि पर नगर मंडल अध्यक्षा उमा पांडे, वरिष्ठ नेता सुधीर मुणत ने अपने उद्‌बोधन में उपस्थित कार्यकर्ताओं के बीच विस्तार पूर्वक बताया। उक्त कार्यक्रम में भाजपा के देवेंद्र उद्धव, अर्जुनसिंह ठाकुर, निर्भयसिंह भाटी, दिनेश ग्रोवर, फकीरचंद मालवीय, कौशल मल्होत्रा, राधेश्याम नरवरिया, अशोक परिहार, शरद परमार, संजय शर्मा, संतोष मालवीय आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 6 में भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज यादव की अध्यक्षता में मंडल अध्यक्ष उमा पांडे ,जिला योजना समिति सदस्य कैलाश राठी, निर्भयसिंह भाटी, वरिष्ठ सुधीर मूणत की उपस्थिति में भी अटल जी का जन्म दिवस कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर कौशल मल्होत्रा, शरद परमार , संतोष मालवीय, सोनू योगी, लोकेश व्यास, चंद्रशेखर यादव ,अनुराग ठाकुर आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

### विद्यालय शा .कन्या उमावि महिदपुर में वार्षिकोत्सव



**महिदपुर।** नगर स्थित शा.कन्या उमावि महिदपुर में वार्षिकोत्सव स्वर्णिम भारत कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा क्षेत्र महिदपुर के लोकप्रिय विधायक दिनेश जैन बोस सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष उमा पाण्डे ने की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में अरूण बुरड़, सगीर बेग, गुलाम मोहम्मद नागोरी पार्षद वार्ड क्र. 14, मुबारक मंसूरी, राजेश सोनगरा, जाकिर हुसैन, राहुल मालवीय, राहुल सोलंकी, एवं विद्यालय में पूर्व में पदस्थ शिक्षक नृसिंह जाट उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ की गई। संस्था प्राचार्य अर्जुनसिंह दावरे एवं विद्यालयीन स्टॉफ द्वारा कार्यक्रम में पधारे समस्त अतिथियों का पुष्पमालाओं से स्वागत सत्कार किया। कार्यक्रम में विद्यालयीन छात्राओं द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई एवं विद्यालय में संचालित आत्मरक्षा प्रशिक्षण अन्तर्गत बालिकाओं द्वारा साहसिक प्रस्तुतियां भी दी गई तत्पश्चात् विद्यालय परिसर में नवनिर्मित महिदपुर का गौरव म्यूजियम का अवलोकन समस्त अतिथियों द्वारा किया गया जिन्हे समस्त अतिथियों द्वारा सराहा गया। कार्यक्रम में पधारे समस्त अतिथियों द्वारा विद्यालय की बालिकाओं को उनके शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने पर शील्ड एवं प्रमाण पत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम की अध्यक्ष उमा पाण्डे द्वारा छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य को लेकर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दिनेश जैन बोस द्वारा विद्यालय एवं विद्यालयीन छात्राओं के सर्वांगीण विकास एवं शैक्षणिक गतिविधियों को सुचारू रूप से आगे बढ़ाने हेतु 4 लाख रूपये की घोषणा की गई एवं छात्राओं को उनके केरियर के प्रति मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक प्रदीप कुमार राव एवं भारतसिंह रघुवंशी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पधारें समस्त अतिथियों का आभार संस्था प्राचार्य अर्जुनसिंह दावरे द्वारा किया गया।

### कलश यात्रा के साथ शिव महापुराण कथा शुरू



**घट्टिया।** जगोटी घटिया मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में रविवार को शिव महापुराण कथा पंडित प्रदीप संज्ञा ललितपुर उत्तरप्रदेश के सानिध्य में सहस्त्र धारा अभिषेक पूजन व हवन के साथ आरंभ हुई। इससे पूर्व श्री चैतन्य हनुमान मंदिर जगोटी से कथा स्थल तक महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली। कथा की पूर्णाहुति पांच जनवरी को होगी।

### शिव–पार्वती विवाह संपन्न



**घट्टिया ।** लवखेड़ी हनुमान धाम पर चल रही श्रीराम कथा में रविवार को रामकथा प्रवक्ता पंडित सुलभ शान्तु महाराज ने शिव–पार्वती विवाह का मार्मिक प्रसंग सुनाते हुए कहा कि जीवन शिव की तरह जियो जो है उसी में संतोष रखो, वर्ना बर्बादी तय है । आरती कर प्रसाद वितरण किया गया ।

### रूपाखेड़ी शिशु मंदिर प्राचार्य चंद्रशेखर शर्मा ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**माकड़ोन।** ज्ञान चरित्र और संस्कारों की त्रिवेणी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल माकडोन में रूपाखेड़ी संस्था प्राचार्य चंद्रशेखर शर्मा ने विद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण कर प्राचार्य अरुण कुमार शर्मा से भेंट की एवं विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। आगामी बोर्ड परीक्षाओं के श्रेष्ठतम परिणामों को लेकर कक्षा पांचवी आठवीं और दशमी एवं बारहवीं के भैया बहनों से कक्षाओं में शैक्षणिक गतिविधि प्रयोगात्मक शिक्षण ,बच्चों की दिनचर्या एवं बोर्ड परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ कैसे आए आदि विषयों पर चर्चा की। शर्मा ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि एक आदर्श विद्यार्थी वह है जिसकी एक आदर्श दिनचर्या हो, उसकी दैनिक गतिविधि उसकी दिनचर्या के अनुरूप संचालित हो, वह अनुशासन व संस्कारों के साथ-साथ अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हमेशा तत्पर रहे,प्रयासरत रहे। बोर्ड परीक्षा बहुत नजदीक आ चुकी हैं। ऐसे में अपना समय व्यर्थ न गवाएं। उसका सदुपयोग करें, अपने पूरे तन मन लगन से अपनी पढ़ाई में लग जाए। देर रात्रि तक पढ़ाई करने की बजाय सुबह जल्दी उठकर पढ़ाई करना सर्वोत्तम है। इस शुभ अवसर पर संस्था प्राचार्य शर्मा ने अतिथि शर्मा के उन्नत ललाट पर मंगल तिलक कर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत सम्मान किया। संपूर्ण जानकारी उज्जैन जिला प्रचार प्रसार प्रमुख आचार्य देवनारायण प्रजापति ने दी।

# लव जिहाद के प्रकरण में रिर्पोट नहीं लिखने पर हिन्दू संगठनों ने दिया धरना

▸ थाना प्रभारी के स्थानांतरण व अन्य मांगों को लेकर रात 8 बजे तक चलता रहा धरना



**नागदा जं. निप्र।** शहर में रविवार शाम को कथित लव जिहाद की घटना से माहोल गरमा गया। पुलिस द्वारा समय पर रिर्पोट नहीं लिखने से गुस्साये हिन्दू संगठन के लोगों ने थाने के बाहर चौराहे पर धरना दे दिया। मामला बढता देख सीएसपी आईपीएस विक्रम अहिरवार, एसडीएम रंजना पाटीदार मौके पर पहुँची, लेकिन हिन्दू संगठन के लोग अपनी मांग पर अडे रहे। खबर लिखे जाने रात 8 बजे तक धरना प्रदर्शन जारी था। आंदोलन में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस), हिन्दू जागरण मंच, विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, अभा क्षत्रिय महासभा, भाजपा महिला मोर्चा, युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मौजुद थे।

**क्या है मामला**–जन्मेजय मार्ग मिर्ची बाजार स्थित एक निजी क्लिनिक पर राजपुत समाज की युवती नर्स का कार्य करती है। क्लिनिक के आस–पास कुछ लोग खडे होकर आये दिन युवती के साथ छेडखानी करते थे, उसे अश्लील ईशारे करते और घुर–घुर के देखते हैं। कई बार क्लिनिक के संचालक डॉ. नरेन्द्र डोरवाल ने उन्हें समझाने का प्रयास भी किया, लेकिन वह नहीं माने। रविवार को भी कुछ लोगों ने इस तरह की हरकत की तो डॉक्टर डोरवाल उन्हें समझाने गए तो युवकों ने अपने दोस्तों को बुलाकर डॉक्टर एवं नर्स को डराने धमकाने का प्रयास किया। मौके पर काफी भीड जमा हो गई, चुंकि जिस क्षेत्र में घटना हुई वह वर्ग विशेष का क्षेत्र है। मामला बढता देख डॉक्टर युवती को लेकर पुलिस थाने रिर्पोट लिखवाने पहुंचे। थाना परिसर में ही आरोपी पक्ष की और से करीब 30–40 लोग थाने पर आ गए। रिर्पोट लिखाते समय एक पुलिस आरक्षक जितेन्द्र राठौड ने पिडिता को समझौता करने को कहा, जिससे हिन्दू संगठन के लोग व पिडित उग्र हो गए और पिडिता और आरक्षक में हॉट टॉल्क भी हो गई। थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने बाद में आकर हिन्दू संगठन के लोगों को थाने से बाहर जाने को कहा, लेकिन आरोपी पक्ष की और से कुछ लोग थाने पर ही जमा थे, जिससे हिन्दू संगठन के लोग भडक गए।

**शाम तक नहीं लिखी रिर्पोट**– थाना प्रभारी ने दोपहर 3 बजे हिन्दू संगठन के लोगों को कहा कि वह यहाँ से जाएं रिर्पोट लिख ली गई है। अन्य थाने से महिला एसआई आऐंगी उसके बाद रिर्पोट दे दी जाऐगी, लेकिन शाम 6 बजे तक कोई भी एसआई नहीं आई और ना ही पिडिता को रिर्पोट दी गई। जिसके बाद हिन्दू संगठन के लोग भडक गए और थाने चौराहे पर जाकर धरना दे दिया। धरना प्रदर्शन की खबर शहर में आग की तरह फैल गई, देखते ही देखते मौके पर काफी भीड जमा हो गई और नारेबाजी करने लगे, जिसके बाद शाम 7 बजे सीएसपी मौके पर पहुँच तथा आंदोलनकारियों से बात करना चाही, लेकिन आंदोलनकारियों ने बात नहीं की। नागझिरी थाने से एक महिला एसआई आई और पिडिता के बयान लिए और उसकी रिर्पोट पर तीन आरोपी बिलाल एहमद, नासीर, अली के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

**यह रखी मांगे**–खबर लिखे जाने तक धरना प्रदर्शन चल रहा था। आंदोलनकारियों की मांग थी कि थाने में पिडितों को न्याय समय पर नहीं मिलता है। आरक्षक जितेन्द्र राठौड को निलंबित किया जाऐ। थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी का स्थानांतरण किया जाऐ, चारों आरोपीयों को शीघ्र गिरफ्तार कर उनका जुलुस निकाला जाऐ तथा एसपी नागदा आकर मांगों को सुने। यह मांग को लेकर संगठन के लोग अडे हुए हैं।

**यह थे मौजूद**

आंदोलन में विहीप के रोशन शुक्ला,रमेश प्रजापत, देवेन्द्र सेन, कमल माली, विनोद माली, नरेन्द्र माली, भोला बैरागी, हिन्दु जागरण मंच के जिला संयोजक गोपाल पाटीदार, अजय जाटवा, मोनू ठक्कर, दीपक चौधरी, अनिल व्यास, आरएसएस के विभाग के अधिकारी विशाल बहल, जिले के अधिकारी मनीश सेन, रवि रघुवंशी, युवा मोर्चा के लक्की गुर्जर, भवानीसिंह देवडा, भाजपा महिला नेत्री पुष्पा रघुवंशी, अभा क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भैरूसिंह चौहान, यशपालसिंह सिसौदिया, सुमित तंवर आदि थे।

## अखंड हिन्दू सेना महिदपुर नगर एवं तहसील कार्यकारिणी की घोषणा

**महिदपुर।** अखण्ड हिन्दू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर आचार्य शेखर महाराज के आदेशानुसार एवं प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज प्रजापत की अनुशंसा पर जिला संयोजक लोकेश अंडेरिया द्वारा महिदपुर तहसील की कार्यकारिणी की घोषणा की गई। घोषित तहसील कार्यकारिणी में शंकर सिंह पटेल (आमडी) को तहसील अध्यक्ष, अनिल बघेल (खोरिया सुमरा) को तहसील संयोजक, देपाल सिंह सिसोदिया (काचरिया) को तहसील उपाध्यक्ष, सौरभ दावरे को तहसील विद्यार्थी प्रमुख तथा तन्मय खंडूजा (रोमी) को तहसील मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया।

इसी क्रम में नगर इकाई में लखन राजपूत को नगर अध्यक्ष, देवेंद्र प्रजापत को नगर संयोजक, लोकेश राव को नगर गो–रक्षा प्रमुख, योगेन्द्र सोलंकी को नगर मंत्री, सहर्ष मिश्रा को नगर उपाध्यक्ष, अरविंद राठौड़ को नगर सह–संयोजक एवं ईशान पांडे को नगर सह–मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर आयोजित बैठक में राम ठाकुर (रसूलपुरा), अखिलेश निधान, प्रकाश मोब्या सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूती प्रदान करने तथा हिंदू समाज के हित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी तन्मय खंडूजा (रोमी) द्वारा दी गई।

## संत शिरोमणि अहिरवार रविदास समाज की बैठक



**उज्जैन।** भैरुनाला स्थित गुरुद्वारा वृंदावनपुरा में संत शिरोमणि अहिरवार रविदास समाज संघ, उज्जैन संभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण संभागीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संभागीय अध्यक्ष मनोहर सुरेश कसुमरिया ने की। बैठक में उज्जैन संभाग के विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।

बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज में संचालित विभिन्न संगठनों को एकजुट कर एक संगठन के माध्यम से कार्य करने पर विचार–विमर्श करना था। बैठक प्रारंभ होने से पूर्व संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दीपचंद जाटव एवं विशेष अतिथि भगवान खांडेकर उपस्थित रहे। सचिव विनोद चौहाननीलगंगा ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें सभी पदाधिकारियों ने अपने–अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

बैठक के दौरान सर्वसम्मति से महिला मंडल का गठन किया गया। समाज की 10 महिलाओं को विभिन्न पदों पर नियुक्त कर उन्हें जिम्मेदारियां सौंपी गईं। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि इस वर्ष गुरु रविदास जयंती के अवसर पर 31 जनवरी को भव्य वाहन रैली निकाली जाएगी और 1 फरवरी 2026 को गुरु रविदास जयंती समारोह बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। संभागीय अध्यक्ष मनोहर सुरेश कसुमरिया ने अपने संबोधन में कहा कि जयंती से पूर्व महिला मंडल समाज की महिलाओं को संगठित करेगा। इस बार गुरु रविदास जयंती को ऐतिहासिक रूप देने के लिए संगठन ने अभी से तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। समाज के युवाओं एवं वरिष्ठजनों को एकजुट कर एकता के साथ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संचालन गोवर्धनलाल सोनगरा ने किया एवं कोषाध्यक्ष कमल हनोतिया ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में महिला मंडल का अभिनंदन किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे उपाध्यक्ष गोकुल चन्द्रवंशी, जिला अध्यक्ष विजेन्द्र चौहान, महेश परमार, देवास से पुरुषोत्तम चन्द्रवंशी, कमल परमार, उपाध्यक्ष मांगीलाल राजौरिया, बाबूलाल अहिरवार, सारंगपुर से अम्बाराम चौहान, सतीश राठौर, सतीश राजौरिया, चन्द्रवंशी, रमेश सोलंकी, पंकज कसुमरिया, अनिल परमार, महामंत्री विक्रम परमार, सह–सचिव सुनील राजौरिया, मोहनलाल परमार, पवन बारीलिया, किशोरी लाल सूर्यवंशी, रामलाल कसुमरिया सहित समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## नगर पालिका उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया

**नागदा । नागदा नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष के खिलाफ जिला कलेक्टर को 12 पार्षदों के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन 26 दिसंबर को स्वयं पार्षदों ने कलेक्टर रोशन कुमार सिंह को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर दिया गया।**

नगर पालिका नागदा के उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पार्षदो ने इसलिए पेश किया गया कि वर्ष 20 जुलाई 2022 में 22 पार्षदों को नागदा की जनता अपार जन समर्थन से भाजपा को निर्वाचित किया। निर्वाचित होने की वजह विमला चैहान पूर्व अध्यक्ष, शोभा यादव पूर्व अध्यक्ष, गोपाल यादव पूर्व अध्यक्ष, राजेन्द्र अवाना पूर्व अध्यक्ष, अशोक मालवीय पूर्व अध्यक्ष सभी का स्वर्णिम कार्यकाल रहा नतीजा भाजपा की परिषद 22 पार्षदों के साथ बहुमत में आई लेकिन 3 वर्ष का कार्यकाल समाप्त हो रहा है हमने सड़क, शुद्ध पेयजल, साफ सफाई के मुद्दे पर चुनाव जीता। वर्तमान अध्यक्ष, उपाध्यक्ष की कार्यप्रणाली इन तीनों मुद्दों पर असफल रही। सड़कों की क्या हालात है हमारे शहर को अशुद्ध पेयजल पिलाया जा रहा। फिल्टर प्लांट जैसे चीज बन्द पड़ी हमारे शहर में सफाई का हालात क्या है वो किसी से छूपा नहीं है जनता हमसे जवाब मांग रही है।

नपा अध्यक्ष व उपाध्यक्ष द्वारा भ्रष्टाचार की बंदरबाट की जा रही शहर का काम अवरूद्ध पड़ा है। लगभग 225 प्रस्ताव में से 150 प्रस्ताव पर काम ही नहीं तो पाया राजनैतिक संरक्षण के प्राप्त होने से म.प्र. न.पा. अधिनियम 1961 की धारा 43 के अन्तर्गत नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव 2 वर्ष के अन्तर्गत लाने का प्रावधान था। लेकिन पूर्व में भी अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। लेकिन राज्य सरकार ने 2 वर्ष के प्रावधान को 3 वर्ष कर दिया फिर जागरूक पार्षदों ने 3 वर्ष उपरान्त फिर अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। लेकिन राजनैतिक संरक्षण के वजह से 3 वर्ष के प्रावधान को साढ़े चार वर्ष कर दिया गया। लेकिन जिला कलेक्टर के पत्र क्रं. 248/25/ दिनांक 18.09.2025 के परिपत्र में याचिकाकर्ता को अवगत कराया गया कि यदि उपाध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव चाहते है तो संशोधित मांग पत्र यदि पार्षदों द्वारा पेश किया जाता है।

विधि अनुसार कल 12 निर्वाचित पार्षदों के परिवर्तित विधिक प्रावधानों के तहत उपाध्यक्ष के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। अविश्वास प्रस्ताव में धारा 54 के अन्तर्गत 6 से 8 माह में परिषद की बैठक धारा 59 परिषद की आहुत बैठक का सभापति कौन अध्यक्ष सदन में मौजूद है और आहुत सम्मेलन को उपाध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि ओपी गेहलोत संचालित करते हैं। अध्यक्ष व उपाध्यक्ष नियमों के विपरीत नगर पालिका संचालित की जा रही है तथा धारा 71 की विभागीय समिति के 80 प्रतिशत पार्षदों के त्यागपत्र पश्चात धारा 70 के अन्तर्गत पीआईसी कर 40–40 लाख रूपये के प्रस्ताव 1–1 लाख के हजारों फर्जी बिल बनाकर पिछले 3 वर्षो से व 42 लाख रू. की रोटरी जिसमें बाज पिंजरे में बंद है, तथा बद्रीविशाल चैक पर 85 हजार रूपये का त्रिशूल आदि के कार्य करके करोड़ो रूपये का भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

इसलिए अध्यक्ष व उपाध्यक्ष सांठगांठ कर नियमों की अनदेखी तथा शहर के प्रमुख मुद्दे सड़क शुद्ध पेयजल सफाई मुद्दों से भटक रहे हैं। इसलिए जो जनप्रतिनिधि जिन्होने अच्छे कार्य किये जिसके कारण हमारी परिषद लगातार 4 बार निर्वाचित हुई। लेकिन वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष को तो बचा लिया गया। लेकिन उच्च न्यायालय में दाखिल याचिका में प्रारूप 1 से 7 तक की जांच 30 दिवस की समय अवधि याचिका संख्या 6992/2025 दिनांक 15.12.2025 में जिलाधीश को अपनी जांच पूरी की जाना है। ऐसे में नपाध्यक्ष पीआईसी के सभापति व नपा अधिकारियो को कैसे बचा पायेंगे? जनता को हमें नगर पालिका अध्यक्ष व उपाध्यक्ष द्वारा करोड़ों के भ्रष्टाचार किये जा रहे हैं। इसलिए परिषद के उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया जा रहा है।

## स्थापना दिवस पर कांग्रेस ने किया वरिष्ठ कांग्रेसजनों का सम्मान

**उज्जैन।** अखिल भारतीय कांग्रेस के 140वे और सेवादल के 102वे स्थापना दिवस पर शहर कांग्रेस ने वरिष्ठ कांग्रेस जन बाबूलाल गोठवाल, पूर्व महापौर इन्दिरा त्रिवेदी, अजय प्रकाश मेहता, छोटू भाई, अरूण रोचवानी, वीरेंद्र शर्मा, रामनारायन जाटवा, मानकलाल जाटवा का शॉल, फल, और पुष्प मालाओं से सम्मान किया। इस अवसर पर जिला/शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश परमार और मुकेश भाटी ने संयुक्त रूप से कहा कि आज जिन वरिष्ठ कांग्रेस जनों का सम्मान कांग्रेस पार्टी द्वारा किया गया, हम आप सभी के ऋणी है, कि आप सम्मानित कांग्रेस जनों ने अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा कांग्रेस पार्टी को समर्पित किया।

आपकी कांग्रेस के प्रति निष्ठा सदैव पार्टी के साथ बनी रहेगी। संगठन महा सचिव अजय राठौर ने बताया कि इस अवसर सेवादल द्वारा वंदे मातरम, ध्वज गीत, राष्ट्र गान कर ध्वज वंदन किया गया। प्रदेश सेवादल उपाध्यक्ष अरुण रोचवानी ने सभी कांग्रेस जनों को पार्टी के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई।

सेवादल के साथियों द्वारा दल निधि एकत्रित की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोहर बैरागी, सत्यनारायण पंवार, नेता प्रति पक्ष रवि राय, चेन सिंह चौधरी, कुलदीप जाट, ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, चंद्रभान सिंह चंदेल, वीरेंद्र गोसर, संचित शर्मा, बबलू खींची, रहीम लाला, धीरज यादव, छोटेलाल मंडलोई, अनवर नागोरी, फिरोज़ पठान, परमानंद मालवीय, धीरज यादव, असलम लाला, देवव्रत यादव, बाबू भाई मोय्यादी, दीपेश जैन, अर्जुन यादव, अर्पित यादव, कृष्णा यादव, निलेश खुले, सोनिया ठाकुर, स्वाती सिंह, राजेंद्र राठौर, असरार मामू, जीतेंद्र डागरे, ललित मीणा, रोहित मीणा, माजिद लाला, दानैश राठी, मनीष घाड़गे, लछमी नारायन उपाध्याय, यूसुफ कमर, शाहिद सिद्दीकी, बंटी वसीम, देवीलाल लोहरिया सहित अन्य कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

**एक नजर** ▸ श्रीमद भागवत कथा में व्यासपीठ पं . अर्जुन गौतम ने कहा कि स्वरूचि भोज भूतों का भोजन है

# शिवजी की शादी से शुरू हुआ था स्वरुचि भोज ..



**उज्जैन। दामाद को देख बेहोश हो गई पार्वती की माता रुदन करने लगी पार्वती ने समझाया मां मेरे लिए यही सुयोग्यवर है । शिव जी के विवाह के समय ही स्वरुचि भोज की व्यवस्था शुरू हुई थी क्योंकि बारात में जब भूत आए तो उन्हें कोई भोजन परोसने के लिए तैयार नहीं था तब शिवजी ने कहा जिसको जैसा भोजन खाना हो वह भोजन ले ले तब से स्वरचित भोज की व्यवस्था शुरू हुई थी जो अब तक चली आ रही है सुरुचि भोज भूतों का भोजन।**

यह बात सामाजिक सद्‌भाव सम्मेलन के साथ हो रही श्रीमद भागवत कथा में तीसरे कथा के तीसरे दिन व्यासपीठ से मालवा माटी के युवा संत पं. अर्जुन गौतम ने कही। स्वर्णिम भारत मंच के अध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव ने बताया कि बीमा हॉस्पिटल परिसर गाड़ी अड्डा चौराहा आगर रोड पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा में पं. अर्जुन गौतम ने कहा बच्चों को सिखाया दैनिक जीवन में मंत्र कितने जरूरी है प्यास पद से स्वर्ण भारत मांज के तत्वाधान में सामाजिक सद्‌भाव सम्मेलन के दौरान छोटे–छोटे बच्चों को दैनिक जीवन में उपयोगी 15 मित्रों का ज्ञान दिया गया कहां के दैनिक जीवन में जो इन मित्रों को रोज पड़ता है या जिन्हें यह मंत्र याद है उन्हें किसी भी तरह की तरक्की में बाधा नहीं आती है वह स्वयं ही गुणवान ज्ञानवान और ऐश्वर्या को प्राप्त कर सकता है।

सनातन धर्म में हमारे मित्रों में इतनी शक्ति है की साधु संत अपने मित्रों के बल से वायु को भी रोक सकते थे परंतु आज के दौर में बच्चे फास्ट फूड खा रहे हैं और टीवी पर कार्टून देख रहे हैं ऐसे में उन्हें राष्ट्र से और धर्म से प्रेम कैसे होगा क्योंकि इन सबको दिखाने वाले विदेशी ताकत हमारे देश में पर प्रसार चुकी है। स्वर्णिम भारत मंच के अनूठे इस प्रयास में सामाजिक सद्भाव को जोड़ने के लिए विभिन्न जाति धर्म समुदाय की महिलाएं बच्चे को अन्य नागरिकों को राष्ट्र ध्वज तले राष्ट्रगान का गायन भी कराया गया यह अनोखी कथा है। जिसमें श्रीमद् भागवत कथा की आरती के पूर्व राष्ट्रगान गया जा रहा है। आरती में सम्मिलित होने वाले अतिथियों ने भी बुरी बुरी प्रशंसा करते हुए अनोखे इंसानों आयोजन के लिए बधाई दी है स्वर्णिम भारत मंच के द्वारा प्रतिदिन श्रीमद् भागवत कथा के कथा के साथ में सामाजिक सद्‌भाव को बढ़ाने के लिए विश्राम आरती के बाद सैकड़ों परिवारों के साथ एक जाजम पर भोजन करने की व्यवस्था की गई है। कई परिवार इसमें प्रतिदिन भोजन कर एक दूसरे के प्रति आत्म भाव रखते हुए आयोजन को सफल बना रहे हैं। कथा में आरती कैलाश नारायण शर्मा, योगेन्द्र व्यास, कैलाश वैद्य, जीवन गुरु, प्रेम शिंदे, मोहन सिंह ठाकुर, कुलदीप धारिया समाजसेवी, राकेश वर्मा प्रदेश अध्यक्ष मांझी समाज, शकेब अख्तर कुरैशी ने की। संचालन अनुपमा श्रीवास्तव ने किया।

स्वर्णिम भारत मंच के अध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव ने बताया कि समाज को जोड़ने और जाति गत नफरतों को मिटाने के लिए स्वर्णिम भारत मंच द्वारा एक अनूठा प्रयास करते हुए पहली बार राष्ट्र ध्वज तले श्रीमद् भागवत कथा एवं सामाजिक सद्‌भाव सम्मेलन का आयोजन भगवान चिंतामन गणेश की मुख्य यजमानी में 25 दिसंबर से 31 दिसंबर तक बीमा हॉस्पिटल परिसर गाड़ी अड्डा चौराहा आगर रोड पर दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक किया जा रहा है। विघटित समाज को जोड़ कर एक दूसरे के मन में पनप रही जातिगत ईर्ष्या को मिटाने और प्रेम सौहार्द सामाजिक सद्‌भाव स्थापित करने तथा देश वासियों के मन में जाति धर्म की ऊंच नीच खत्म कर राष्ट्र भावना की अलख जगाने के उद्देश्य से स्वर्णिम भारत मंच द्वारा श्रीमद् भागवत कथा एवं सामाजिक सद्‌भाव सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। गौतम के मुखारविंद से प्रतिदिन दोपहर 2 बजे शाम 5 बजे तक धर्म की गंगा बहेगी।